Publication: **Hindustan** | Region: **Delhi** | Date: **23/02/2014** | Page No.: **15**

आर्थिक लक्ष्य को पूरा करता है बीमा

अनुप राउ, सीईओ,
रिलायंस लाइफ इंश्योरेंस

जीवन बीमा एक दीर्घकालिक वित्तीय साधन है, जो आपके परिवार की आर्थिक ज़रूरतों को पूरा करने के लिए एक रीढ़ का काम करता है, चाहे आप उनके साथ हों अथवा नहीं। सबसे महत्वपूर्ण बात तो यह है कि यह किसी भी देनदारी या कर्ज़ को चुकाने, उपचार के खर्च का भार वहन करने में आपके परिवार की मदद करता है ताकि ये देनदारियां आपके अपनों पर बोझ न बन जाएं। इसलिए जरूरी है कि आप एक एसी जीवन बीमा पॉलिसी चुनें जिसकी मदद से आपका परिवार हर हाल में सामान्य जीवन जी सके और अपनी यादों को संजो सके।

युवावस्था में ही खरीदें पॉलिसी : बीमा की निजी जरूरतें जीवन की हर अवस्था में बदलती रहती है। हालांकि, लाइफ कवर को जितना जल्दी खरीदा जाए वह उतना ही सस्ता और फायदेमंद साबित होता है। तो चाहे आपकी उम्र अभी कम है, तब तो आपको जीवन बीमा जल्द खरीदना चाहिए, क्योंकि इसका सबसे ज्यादा फायदा आप ही को मिलेगा।

निवेश के लिहाज से भी अच्छा : आपको और अपने परिवार की मन की शांति के अलावा, जीवन बीमा एक अच्छे निवेश का भी काम करता है। पॉलिसीधारक को सुरक्षा प्रदान करने के लिए बनाए गए नए विनियम पारंपरिक जीवन बीमा नितियों का निवेश जोखिम न्यूनतम कर देते हैं तथा दीर्घकालिक बीमा के फायदे उपलब्ध कराते हैं।

रिटायरमेंट की भी चिंता से आजादी : अधिकांश जीवन बीमा पॉलिसी में मैच्योरिटी पर रिटायरमेंट आय को शामिल किया जाता है। इसके अलावा जीवन बीमा का एक और फायदा यह है कि कवरेज की राशि समय के साथ बढ़ती है। इसलिए चाहे आप अभी अपने मौजूदा वेतन के साथ कम प्रीमियम वाली पॉलिसी ले सकते हैं, परन्तु बाद में आपका वेतन बढ़ जाने पर, आप प्रीमियम को थोड़ा सा बढ़ाकर अपने बीमा कवर को बढ़ा भी सकते हैं। ऐसे में यह आपको और आपके परिवार को बेहतर लाइफ कवर उपलब्ध कराएगी।